प्रेस विज्ञप्ति

प्रबंध अध्ययन संस्थान

11/12/2021

प्रबंध अध्ययन संस्थान दे.अ.वि.वि द्वारा अपने पूर्व छात्र एवं देश के प्रथम CDS जनरल बिपिन रावत के असमायिक निधन पर संस्थान मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दिनांक 11/12/2021 को साय ४ बजे संस्थान के सभागृह मे आयोजित किया गया |

ज्ञात हो की CDS जनरल बिपिन रावत ने वर्ष 2001-2002 मे संस्थान से एम्. फिल. डिफेन्स मैनेजमेंट किया था |

श्रद्धांजलि सभा मे संस्थान की निदेशक प्रो. संगीता जैन ने संस्थान की ओर से दिवंगत आत्मा को सादर नमन अग्रेषित किया | इस अवसर पर प्रो. संगीता जैन द्वारा यह अवगत कराया गया की संस्थान प्रति वर्ष 8 दिसंबर को CDS जनरल बिपिन रावत को समर्पित करते हुए एक व्याख्यान आयोजित करेगा | इस व्याख्यानमाला को **"CDS जनरल बिपिन रावत मेमोरियल लेक्चर"** के रूप मे जाना जाएगा | कुल सचिव डॉ. अनिल शर्मा जी ने अपने उदबोधन मे CDS जनरल बिपिन रावत द्वारा देश के लिए किये गए कार्यो को याद करते हुए विश्वविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की |

कार्यवाहक कुलपति प्रो अशोक शर्मा द्वारा अपने श्रद्धांजलि उदबोधन मे CDS जनरल बिपिन रावत के योगदान को देश एवं समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम बताया|

आपने दिवंगत आत्मा के परिवार को इस कठिन क्षण मे संयम एवम साहस प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की |

माननीय कार्यपरिषद् के सदस्य श्री अनंत पवार द्वारा जनरल रावत के अथक प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्हें माँ भारती के सच्चे सपूत के रूप में याद किया | माननीय कार्य परिषद् की सदस्या डॉ. सुनीता जोशी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की तथा उनके द्वारा राष्ट्र हित में किये गए कार्यो को उल्लेखित किया|

श्रद्धांजलि की कड़ी में माननीय कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. जगदीश चौहान द्वारा भी जनरल बिपिन रावत को याद कर उपस्थित विद्यार्थियों से उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया गया |

अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग प्रो. सुरेश सिलावट ने भी जनरल बिपिन रावत के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किये | देवता सचिव डॉ. पियूष केन्दूरकर द्वारा भी जनरल बिपिन रावत को याद करते हुए उन्हें शिक्षक संघ की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी |

श्रद्धांजलि सभा में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षणगण तथा कई विद्यार्थियों द्वारा जनरल रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी |